प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री–सीएसपीओसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण की भावना से काम कर रही है। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश ने विविधता को लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति व व्यापकता प्रदान करती हैं।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित 28वें अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पूरा विश्व एक मंच पर विश्व स्तर पर ज्वलंत व समसायिक विषयों पर सार्थक चर्चा कर उनका समाधान निकालने का प्रयास करता है और वैश्विक शांति व लोकतंत्र की मज़बूती का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने उम्मीद जताई कि सम्मेलन के दौरान चर्चा के लिए लाए गए विषयों से देश व दुनिया को नई दिशा मिलेगी।

रेखा वर्मा

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा है कि एन.डी.ए. सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए एक दूरदर्शी व विकासोन्मुखी व्यवस्था लागू की है। उन्होंने हाल ही में संसद द्वारा पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार व आजीविका मिशन ग्रामीण जी राम जी अधिनियम–2025 को भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने आज शिमला में पार्टी कार्यालय में इस योजना पर आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया, जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रेखा वर्मा ने कहा कि केंद्र की इस योजना में पहाड़ी राज्यों को 90–10 के अनुपात में बजट खर्च करना होगा। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना में अब सौ दिन के बजाए एक सौ 25 दिन के रोज़गार की गारंटी दी गई है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि जी राम जी योजना किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं है, जबकि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वे टकराव की राजनीति में विश्वास नहीं रखते लेकिन प्रदेश की जनता के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे। आज शिमला में उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मूल उद्देश्य केवल जनता की सेवा होना चाहिए और वे इसी भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके मन में आई.ए.एस. और आई.पी.एस. अधिकारियों के लिए पूरा सम्मान है।

स्थापना दिवस

भारतीय सेना आज अपना 78वां स्थापना दिवस मना रही है। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज देशभर में सेना द्वारा अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला के रिज मैदान में सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा ''नो यूअर आर्मी'' मेले का आयोजन किया गया। सेना के सेवानिवृत ब्रिगेडियर हरजीत सिंह ने मेले का शुभारंभ किया।

....